This resource was made possible through the support of the U.S. Agency for International Development (USAID) under the terms of the International HIV/AIDS Alliance's Award Number HRN-G-00-98-00010-00. The opinions expressed herein do not necessarily reflect the views of USAID.

International HIV/AIDS Alliance
Supporting Community Action on AIDS in Developing Countries

International HIV/AIDS Alliance
Queensberry House
104-106 Queens Road
Brighton BN1 3XF
United Kingdom

Tel: +44 1273 718 900
Fax: +44 1273 718 901

E-mail: mail@aidsalliance.org
Websites: www.aidsalliance.org
www.aidsmap.com

यह गाइड भारत में एच.आई.वी./एड्स से प्रभावित बच्चों के साथ कार्य करने वाली सरकारी व स्वयंसेवी संस्थाओं के कार्यकर्ताओं के लिए बनाई गई है। यह गाइड कार्य योजना, सामुदायिक स्तर पर क्रियान्वयन और नीति निर्धारण के लिए उपयोग में लाई जा सकती है।

अधिक प्रतियों के लिए नीचे दिये गये पते पर संपर्क करें।

चेतना
लीलावतीबेन लालभाई बंगला, सिविल कैम्प रोड, शाहीबाग, अहमदाबाद-380004, गुजरात, भारत
फोन : +91-79-22866695, 22868856, 22149938
फैक्स : +91-79-22866513, 22113005
ई-मेल : chetna@icenet.net
वेबसाइट : chetnaindia.org
प्रकाशन : चेतना

भारत के लिए गाइड

आओ रचें इन्द्रधनुष

एच.आई.वी./एड्स से प्रभावित बच्चों के साथ कार्य करने हेतु समुदाय आधारित मार्गदर्शिका

International HIV/AIDS Alliance
Supporting Community Action on AIDS in Developing Countries

ओवरव्यू

चेतना
चाईल्ड रिसोर्स सेन्टर
CRC चैतन

चेतना के बारे में...

चेतना (सेन्टर फॉर हेल्थ एज्युकेसन, ट्रेनिंग एन्ड न्युट्रीशन एवेरनेस) अहमदाबाद, गुजरात स्थित एक स्वयंसेवी सहायक संस्था है। जिसका ध्येय है विकास की धारा में पिछड़ीं हुई महिलाओं, युवावर्ग और बच्चों को ज्ञान व कौशल देकर अधिक सक्षम बनाना, जिससे वे स्वयं के, परिवार के और समुदाय के स्वास्थ्य और जीवन में सुधार ला सकें।

चेतना का उद्‌भव 1980 में हुआ था। अहदाबाद में और जयपुर, राजस्थान में चेतना के कार्यालय कार्यरत हैं।

वर्तमान में चेतना अपनी सेवाएँ दो संसाधन केन्द्रों द्वारा प्रदान कर रही है। बाल स्वास्थ्य एवं विकास संसाधन केन्द्र-चैतन व महिला स्वास्थ्य एवं विकास संसाधन केन्द्र-चैतन्या का आरंभ क्रमशः जून 1991 एवं अक्टूबर 1992 में किया गया। दोनों केन्द्र महिलाओं और बच्चों की आवश्यक्ताओं को सभी अवस्थाओं में सम्बोधित करते हैं। सरकारी एवं गैरसरकारी संस्थाओं की क्षमता वृद्धि हेतु प्रशिक्षकों के प्रशिक्षण का आयोजन करना और जानकारी के प्रसार हेतु आवश्यक्तानुसार शिक्षा और प्रशिक्षण सामग्री तैयार करना, चेतना की मुख्य गतिविधियाँ है।

अहमदाबाद में आयोजित प्रशिक्षण, चेतना के निवासीय व्यवस्था से सुसज्ज हेरिटेज प्रशिक्षण केन्द्र में आयोजित किये जाते हैं। चेतना संस्था में लीलावतीबेन लालभाई प्रवृति केन्द्र की शुरुआत की गई है। इस केन्द्र के द्वारा आसपास की कच्ची बस्तियों की महिलाओं एवं बच्चों की स्वास्थ्य और विकास लक्षी जरुरतें पूरी की जा रही है। शिक्षा एवं विकास में जुडी हुई संस्थाओं के साथ समन्वयन स्थापित करके महिलाओं, युवावर्ग एवं बच्चों के विकास के लिये उचित जीवन उपयोगी मार्गदर्शन, संदर्भ सेवाएँ एवं शालाओं में एच.आई.वी./एड्स की शिक्षा आदि उपलब्ध करवाई जाती है।

सरकारी एवं स्वयंसेवी संस्थाओं तथा अन्य व्यक्तियों को जानकारी देने हेतु प्रलेखन केन्द्र भी आरंभ किया गया है। जिसका उपयोग स्वयंसेवी एवं सरकारी संस्थाएँ, विद्यार्थियों और शैक्षणिक संस्थाओं के साथ जुड़े हुए व्यक्ति अपनी समझ एवं ज्ञान बढ़ाने के लिये करते हैं। समाज के अधिक से अधिक बच्चों तक पहुँचने के लिये चेतनाने बाल केन्द्रित माहिती और प्रलेखन केन्द्र नवम्बर, 2003 में शुरु किया है।

जीना, शिक्षा, सुरक्षा और सहभागीता मेरे अधिकार है।

आभारोक्ती

इन्टरनेशनल एच.आई.वी./एड्स एलायन्स उन सभी के प्रति आभार व्यक्त करती है जिन्होंने इस गाइड को प्रकाशित करने में योगदान दिया है।

एशिया गाइड डेवलपमेन्ट ग्रुप के सदस्य

Kate Harrison, Programme Officer - Children, Claire Stern, Programme Assistant - Technical Support International for HIV/AIDS Alliance , Kathy Attwell - Independent Consultant, Minaxi Shukla, Deputy Director - (Child Resource Centre-CRC), Centre for Health Education, Training and Nutrition Awareness (CHETNA), Ms.Shruti Shah - School Health Consultant, CRC, CHETNA, Vaijyanti Bagwe, Madhavi Shinde - Committed Communities Development Trust, Ishdeep Kohli, Independent Consultant, Himalini Verma, Programme Officer - Thoughtshop Foundation, Ms. Nirmala Antony, Project Director - Young Women's Christian Association (YWCA), Neelam Dang, Secretary - Women's Action Group – Chelsea, Dr.Sangeeta Kaul - MAMTA, Ms. Veena Johri - Lawyers Collective HIV/AIDS Unit, Pratin Dharmarak, Deputy Director - Family Health International (Cambodia), Ma Kol Chenda - KHANA, Ms. Im Phallay- Independent Consultant, Uy Soung Chhan Sothy, Indradevi Association - IDA, Dr. Srey Mony, Project Manager - World Vision, Mr.San Van Din - Partners in Compassion, Mrs. Aing Chamroeun, Director - NAPA (National Prosperity Association), Neth San Sothy, Deputy Chief of BCC Unit - NCHADS, Cheng Choor Virith - SCUK Cambodia, Dr. Sok Sophal - Friends, Ms. Sum Sitha - CARE, Lim Vannak - C/o. KHANA, Chitima Saisaengjan (Oui), Programme Officer - AIDSnet (AIDS Network Development Foundation), Jarukanya Rearnkham (Awe), Programme Officer - AIDSnet (AIDS Network Development Foundation), Nisachol Ounjit - Medecins Sans Frontieres- Belgium, Ms. Wichitra Apateerapong, Research Nurse - HIV-NAT (The HIV Netherlands Australia Thailand Reseach Centre Collaboration, Kanyarat Klumthanom, Project Cordinator - Thailand MOPH-USCDC Collaboration (TUC), Ms. Suchada Suwanthes - NORTHNET Foundation, Montira Montiantong - Special Projects Office, Office of the National Primary Education Commission Ministry of Education, Srilada Ketwong, Manager - Foundation for Slum Child Care, Prudence Borthwick - UNICEF, Usa Khierwrod, Programme Officer - Help Age International, Sirinate Piyajitpirat, Manager - AIDSnet (AIDS Network Development Foundation) and **Community Workers and Counselors of International HIV/AIDS Alliance**.

हम चेतना टीम के सदस्य इन्दु कपूर, मीनाक्षी शुक्ल, पल्लवी पटेल, श्रुति शाह और ईला वखारिया के आभारी है, जिन्हों ने इस गाइड के रुपांतर में तथा सजावट के लिये अनिल गज्जर, रेखाचित्र के लिये नागजी प्रजापति और टाईप सेटींग के लिये इमरान उज्जैनवाला ने अपना योगदान दिया है।

इस गाइड का उपयोग किसी भी रुप में किया जा सकता है।
इसे एच.आई.वी./एड्स सम्बन्धित कार्यों से जुड़े कार्यकर्ता या संस्थाओं में बांटा, अपनाया अथवा अनुवादित किया जा सकता है।

International HIV/AIDS Alliance

इन्टरनेशनल एच.आई.वी./एड्स एलायन्स एक अंतरराष्ट्रीय संस्था है जो १९९३ से विकासशील देशों में समुदाय आधारित कार्यक्रमों को सहयोग दे कर एच.आई.वी./एड्स की रोकथाम, प्रभावित लोगों की देखभाल और बच्चों को सहयोग देने में अपना योगदान दे रही है। यह गाईड एलायन्स के वित्तीय व तकनीकी सहयोग से तैयार की गई है।

स गाइड का शीर्षक इन्द्रधनुष का प्रयोग क खास उद्देश्य से किया गया है। जिस कार इन्द्रधनुष के प्रकट होने के लिये शेष परिस्थितियों का होना जरुरी हैं, सी तरह एच.आई.वी./एड्स से प्रभावित च्चों के विकास और देखभाल के लिये हायक वातावरण का होना आवश्यक है। म यह आशा करते हैं कि इन सात रंगों प्रयोग से पाठकों को इन बच्चों के हर श्न को पहचाने व ढूंढने में आसानी होगी।

गाइड के बारे में...

यह गाइड सात पुस्तिकाओं का समुह हैं जो समुदाय में खास कर एच.आई.वी./एड्स से प्रभावित बच्चों की जरुरतों को समझने हेतु बनाई गई है। इसका प्रयोग स्थानीय/स्वयंसेवी संस्थाओं, स्थानीय सरकार और समुदाय के लोगों द्वारा किया जा सकता है। इसे इन्टरनेशनल एच.आई.वी./एड्स एलायन्स ने USAID के आर्थिक सहयोग से तैयार किया है।

जून 2003 में चांग माई, थाईलैण्ड में इन्टरनेशनल एच.आई.वी./एड्स एलायन्स द्वारा आयोजित शिविर में थाईलैण्ड, कम्बोडिया और भारत में एच.आई.वी./एड्स से जुड़े मुद्दों पर और प्रभावित बच्चों के साथ काम करने वाली संस्थाओं और विशेषज्ञों ने हिस्सा लिया था। इस शिविर के अंत में क्षेत्रीय कार्यकर्ताओं के लिये अंग्रेजी में यह गाइड तैयार की गई।

यह गाइड सहभागी पद्धति से और इन्टरनेशनल एच.आई.वी./एड्स एलायन्स के सलाहकारों के सहयोग से बनाई गई। इसे तैयार करते समय भारत, थाईलैण्ड और कम्बोडिया के सहभागियों ने अपने-अपने अनुभवों के आधार पर केस-स्टडी और उदाहरण उपलब्ध करवाए थे। इस समूह को इस गाइड में एशिया गाइड डेवलपमेन्ट ग्रुप के नाम से संबोधित किया गया है।

एशिया में राष्ट्रीय और स्थानीय उपयोग के लिए इस गाइड को भारत में अपनाया और अनुवादित किया गया। भारत के लिए तैयार की गई हिन्दी गाइड का रुपांतर और संकलन राष्ट्रीय सलाहकार के रुप में चेतना - सेन्टर फॉर हेल्थ एज्युकेशन, ट्रेनिंग एण्ड न्यूट्रीशन अवेयरनेस, अहमदाबाद, भारत द्वारा संपादित किया गया है। इस गाइड के हिन्दी रुपांतर के बाद चेतना द्वारा गाइड की सभी सात पुस्तिकाओं का रीव्यू तथा क्षेत्रीय परीक्षण किया गया। इसके रिव्यू में भारत के एशिया गाइड डेवलपमेन्ट ग्रुप के सदस्यों के अलावा संधान, यंग सिटीजन चेरीटेबल ट्रस्ट ऑफ इन्डिया, इंडियन इन्स्टीट्यूट ऑफ हेल्थ मेनजमेन्ट रिसर्च, नाज़ फाउन्डेशन, सेन्ट्रल हेल्थ एज्युकेशन ब्यूरो (CHEB) और चेतना टीम के सदस्यों द्वारा योगदान दिया गया। क्षेत्रीय परीक्षण दिल्ली, राजस्थान, उत्तर प्रदेश, गुजरात, तमिलनाडु, महाराष्ट्र और कर्नाटक राज्यों की सरकारी और गैर सरकारी संस्थाओं में किया गया।

गाइड में दी गई केस स्टडी में पात्रों के नाम और स्थान बदल दिये गये हैं। आम बोल चाल की भाषा में ज्यादा उपयोग होने वाले अंग्रेजी शब्दों को इस गाइड में अंग्रेजी में ही इस्तेमाल किया गया है।

इस गाइड में छः पुस्तिकाएँ और एक ओवरव्यू पुस्तिका शामिल हैं।

इस गाइड को कैसे उपयोग में लें?

इस गाइड के उपयोगकर्ताओं को तीन समूहों में विभाजित किया गया है।

पहला समूह वह है जो इन पुस्तिकाओं का सीधा उपयोग अपनी स्वयं की जानकारी बढ़ाकर समुदाय के लोगों को जानकारी देने के लिए करेंगे। इसमें हम बच्चे, क्षेत्र में काम करने वाले व्यक्ति (Community workers), ए.एन.एम. (Auxiliary Nurse Midwife), एल.एच.वी. (Lady Health Visitor), मेल एम.पी.डब्ल्यू (Male Multi Purpose Worker), परामर्शदाता, बच्चों की देखभाल करने वाले, शिक्षक, माता-पिता, परिवार के दूसरे सदस्य, गृहमाताएँ, सामाजिक कार्यकर्ता, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, एच.आई.वी./एड्स प्रभावित लोग (PLWHA), पीयर ग्रुप आदि को शामिल कर सकते हैं।

दूसरे समूह में वे संस्थाएँ हैं जो इस कार्यक्षेत्र में काम करने वाले अपने साथियों को इन पुस्तिकाओं से जानकारी उपलब्ध करवाएंगे, जानकारी के विस्तृत उपयोग के बारे में चर्चा करेंगे और अमल करने लायक बिन्दुओं को उभारेंगे। साथ-साथ उसका सही दिशा में उपयोग करने के लिए अपने साथियों को प्रोत्साहित भी करेंगे। इस समूह में हम शिक्षक, प्रोजेक्ट को-ओर्डीनेटर्स, सी.डी.पी.ओ. (Child Development Project Officer), ब्लॉक डेवलपमेन्ट ऑफिसर, ब्लॉक मेडिकल ऑफिसर, महिला मण्डल, जन प्रतिनिधि (पंचायत के नेता), स्व-सहायता समूह, स्थानीय समूह आदि को शामिल कर सकते हैं।

तीसरे समूह में वे शामिल हैं जो नीति निर्धारण की प्रक्रिया में अपना योगदान दे सकते हैं। जैसे कि नाको... (National AIDS Control Organisation - NACO), स्टेट एड्स कंट्रोल सोसायटी, डायरेक्टर ऑफ एज्युकेशन, डायरेक्टर ऑफ हेल्थ सर्विसिस, मिनिस्ट्री ऑफ यूथ अफेयर्स एण्ड स्पोर्ट्स, इन्डियन नेटवर्क ऑफ पॉजिटिव पीपल (INP), एच.आई.वी./एड्स के मुद्दों पर काम कर रही स्वंयसेवी संस्थाएँ, पुलिस डिपार्टमेन्ट, लॉ एन्फोर्समेन्ट एजेन्सी (Judiciary), ट्रेड यूनियन के नेता, औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, औद्योगिक एवं व्यवसायिक समूह (ITI), फेडरेशन ऑफ इन्डियन चेम्बर ऑफ कॉमर्स एण्ड इन्डस्ट्री (FICCI), कन्फिडरेशन ऑफ इन्डियन इन्डस्ट्रीज (CII), अन्य अंतरराष्ट्रीय संस्थाएँ, इन्टरनेशनल लेबर ऑर्गेनाइजेशन (ILO), संयुक्त राष्ट्र संघ से जुड़ी संस्थाएँ, प्रचार-प्रसार (मीडिया), राष्ट्रीय सेवा योजना (NSS), नेहरु युवा केन्द्र, नेशनल केडेट कोर (NCC), प्रशिक्षण संस्थाएँ जैसे कि नेशनल इन्स्टीट्यूट ऑफ पब्लिक को-ओपरेशन एण्ड चाइल्ड डेवलपमेन्ट (NIPCCD), राष्ट्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण संस्थान (NIHFW) आदि शामिल हैं।

- हम ऐसा मान कर चल रहे हैं कि इस गाइड के उपयोगकर्ताओं के पास एच.आई.वी./एड्स के बारे में प्राथमिक जानकारी उपलब्ध है परंतु सभी उपयोगकर्ताओं की एक समान समझ बनाने के लिये एच.आई.वी./एड्स के कुछ खास मुद्दे यहाँ दिये गये हैं।
- यह स्वयं पढ़कर उपयोग में लेने (Self-learning) के उद्देश्य से बनाई गई गाइड है।
- ओवरव्यू पुस्तिका में बार-बार पूछे जाने वाले कुछ प्रश्न और उनके उत्तर दिये गये हैं।
- ओवरव्यू पुस्तिका के अंत में अतिरिक्त जानकारी (संदर्भ डायरेक्टरी) दी गई है यह डायरेक्टरी भारत में एच.आई.वी./एड्स विषय में काम कर रही संस्थाओं और उपलब्ध सेवाओं के बारे में जानकारी देती है।

इस गाइड में निम्नलिखित पुस्तिकाएँ शामिल हैं

यहाँ दी गई प्रत्येक पुस्तिका कार्यक्रम के लिए कुछ खास समस्याओं, सिद्धांतों और रणनीतियों का वर्णन करती है। इसके साथ ही इनमें एच.आई.वी./एड्स से प्रभावित बच्चों के लिये उपयोगी गतिविधियों का भी उल्लेख किया गया है। ये रणनीतियाँ/गतिविधियाँ अंतरराष्ट्रीय सहभागियों के अनुभव के आधार पर बनाई गई हैं।

स्वास्थ्य और पोषण (Health and Nutrition)

इस पुस्तिका में एच.आई.वी./एड्स संक्रमण के फल स्वरुप बच्चों पर पड़ने वाले प्रभाव को भिन्न रुप से बताया गया है। प्रभावित बच्चों के स्वास्थ्य के लिए जोखिम ज्यादा क्यों है, उनके लिए कुपोषित हो जाना कैसे आसान है। इन समस्याओं से निपटने के लिए क्या सिद्धांत/रणनीतियाँ हो सकती हैं और उन्हें कैसे अमल में लाया जा सकता है इसका भी विवरण है। स्वास्थ्य के विषय को छूते हुए बच्चों के **जीने के** (Survival) और **विकास के** (Development) अधिकारों के बारे में भी चर्चा की गई है।

शिक्षा और प्रशिक्षण (Education and Training)

इस पुस्तिका में एच.आई.वी./एड्स से प्रभावित बच्चे स्कूल में दाखिला क्यों नहीं लेते, बीच में ही स्कूल क्यों छोड़ जाते हैं अथवा ध्यानपूर्वक पढ़ाई क्यों नहीं करते इसका वर्णन है। भारतीय परिवेश को देखते हुए इसमें लड़कियों की स्थिति को खास उभारा गया है। पुस्तिका में बच्चों के लिए स्कूली शिक्षा और व्यवसायिक प्रशिक्षण क्यों जरुरी है तथा इसके साथ साथ समस्याओं से निपटने के समाधान भी बताए गये हैं। बच्चों की शिक्षा और विकास के अधिकारों पर ज़ोर देकर अमल करने लायक बिन्दुओं को भी उभारा गया है।

रोजगार और आमदनी (Livelihoods and Economics)

इस पुस्तिका में इसका वर्णन है कि एच.आई.वी./एड्स से प्रभावित बच्चों, परिवारों और समुदाय की आर्थिक परिस्थिति कैसे खराब होती जाती है और साथ साथ यह परिस्थिति कैसे बहुत से खर्च बढ़ाती है। इस पुस्तिका में इसका विश्लेषण दिया गया है कि बच्चे बढ़ती गरीबी की वजह से कम शिक्षा, प्रशिक्षण और परिणाम स्वरुप कम आमदनी के चक्रव्यूह में कैसे फँसे रहते हैं। यहाँ इन समस्याओं से निपटने के लिए अपनाई जाने वाली रणनीतियों/गतिविधियों पर स्पष्ट रुप से चर्चा की गई है।

देखभाल और मानसिक-सामाजिक सहयोग (Care and Psycho-social Support)

बच्चों के मानसिक-सामाजिक सहयोग की जरुरतें उतनी ही महत्त्वपूर्ण हैं जितनी उनके स्वास्थ्य, आहार और आवास की जरुरतें। जो बच्चे एच.आई.वी./एड्स से प्रभावित परिवारों में रहते हैं, जिन्होंने अपने माता-पिता को गँवा दिया है अथवा जो खुद एच.आई.वी./एड्स से प्रभावित हैं उनकी देखभाल कैसे की जानी चाहिए, साथ ही उनकी मानसिक-सामाजिक जरुरतें क्या होती हैं, इसका वर्णन इस पुस्तिका में किया गया है। इन जरुरतों को पूरा करने में क्या मुश्किलें हैं और किन रणनीतियों को अमल में लाकर हम इनसे निपट सकते हैं इसका भी वर्णन किया गया है।

इस गाइड में निम्नलिखित पुस्तिकाएँ शामिल हैं

सामाजिक समावेश (Social Inclusion)

यह पुस्तिका एच.आई.वी./एड्स से सम्बन्धित लांछन/भेदभाव की बात करती है। एच.आई.वी./एड्स से प्रभावित बच्चों पर लांछन/भेदभाव का क्या असर होता है, उनका व्यवहार, जीवन, रोजगार, आमदनी, शिक्षा, स्वास्थ्य, आदि कई पहलू कैसे बदल सकते हैं इसका भी स्पष्ट वर्णन किया गया है। इस भेदभाव पूर्ण व्यवहार को समाज से दूर करने के लिए कौन-सी रणनीतियाँ/गतिविधियाँ अपनानी चाहिए इसका मार्गदर्शन इस पुस्तिका का महत्वपूर्ण हिस्सा है।

सुरक्षा (Protection)

अधिकांशतः यह देखा गया है कि एच.आई.वी./एड्स के परिणाम स्वरुप परिवार टूट जाते हैं और बच्चों को संस्थाओं में या अपने दूर के रिश्तेदारों के साथ रहना पड़ता है। एच.आई.वी./एड्स से पीड़ित बच्चों के पास कम शिक्षा या कौशल होने के कारण उन्हें कई बार सड़कों पर रहने के लिए मज़बूर होना पड़ता है। वयस्कों से देखभाल, प्रेम, सहयोग, जानकारी और स्वास्थ्य और शिक्षा सम्बन्धी सेवाओं की कमी के कारण बच्चे कैसे यौन शोषण, नशीली दवाओं और शराब जैसी आदतों में फंस जाते हैं इसका वर्णन इस पुस्तिका में है। ऐसे बच्चों को सुरक्षा देने के लिए कौन-सी रणनीतियाँ/गतिविधियाँ अपनाई जा सकती हैं इसका मार्गदर्शन इसमें दिया गया है।

प्रत्येक पुस्तिका को दो भागों में विभाजित किया गया है:

- **समस्याएँ (मुद्दे) :** यह हिस्सा दर्शाता है कि एच.आई.वी./एड्स से प्रभावित बच्चे विकास की धारा से क्यों और कैसे पिछड़ जाते हैं। साथ ही साथ कार्यक्रमों को क्यों प्रभावित बच्चों की जरुरुतों पर ध्यान देना चाहिए। यह भी उभारने का प्रयास करता है।
- **सिद्धांत एवं रणनीतियाँ :** यह हिस्सा प्रभावित बच्चे, परिवार और समाज के सहयोग के लिए बनाये गये कार्यक्रमों को मजबूत बनाने के लिये सिद्धांत एवं रणनीतियों का वर्णन करता है।

एच.आई.वी./एड्स क्या है?

एच.आई.वी. (Human Immunodeficiency Virus)

एच.आई.वी. यानी ह्यूमन इम्युनो डेफिसियन्सी वायरस एक विषाणु का नाम है। यह विषाणु मानव शरीर में प्रवेश करके हमारी बीमारियों से लड़ने वाली शक्ति को धीरे-धीरे नष्ट कर देता है। 7-8 वर्ष तक यह विषाणु बिना एड्स का रुप लिए हमारे शरीर में रह सकता है। यह स्थिति कई बातों पर निर्भर करती है जैसे - उस व्यक्ति का खान-पान, व्यक्तिगत साफ सफाई, सुरक्षित यौन व्यवहार, संक्रमित रोगो से बचाव जैसे - टीबी/निमोनिया। हम किसी को सिर्फ देखकर नहीं बता सकते कि उसके रक्त में एच.आई.वी. मौजूद हैं या नहीं। यह खून की एच.आई.वी. जाँच के पश्चात प्राप्त हुए परिणाम से ही पता चल सकता है।

एड्स (Acquired Immunodeficiency Syndrome)

एड्स यानी एक्वायर्ड इम्यूनो डेफिसियन्सी सिन्ड्रोम। यह अपने-आप में कोई बीमारी नहीं परंतु एक स्थिति है जिसमें एच.आई.वी. के कारण शरीर बीमारियों से लड़ने की शक्ति गँवा देता है। इस कारण से अनेक बीमारियाँ हमारे शरीर में प्रवेश कर जाती हैं और हमारे लिए जानलेवा बन सकती हैं। एड्स का कोई इलाज़ नहीं है पर इससे बचा जरुर जा सकता है।

एच.आई.वी./एड्स निम्न तरीकों से फैल सकता है:

- एच.आई.वी./एड्स से प्रभावित व्यक्ति के साथ असुरक्षित यौन संबंध (योनि, गुदा अथवा मुख द्वारा) स्थापित करने से।
- एच.आई.वी. संक्रमित सुई को गोंदने (टैटू), नशे का इन्जेकशन या अन्य सुई लगवाते समय अगर उबालकर जीवाणुमुक्त न किया जाये अथवा अगर नई सुई का प्रयोग न किया जाये।
- शरीर में एच.आई.वी. प्रभावित खून चढ़ने से।
- एच.आई.वी./एड्स से प्रभावित महिलाओं द्वारा उनके बच्चों को गर्भावस्था के दौरान, जन्म के समय अथवा स्तनपान के ज़रिये।

एच.आई.वी./एड्स निम्न तरीकों से नहीं फैलता:

- एच.आई.वी./एड्स से प्रभावित व्यक्तियों के साथ उठने-बैठने से, रहने से या उनके साथ घर, दफ्तर, खेल के मैदान जैसे सार्वजनिक स्थानों पर संपर्क में आने से।
- एड्स से प्रभावित व्यक्तियों के साथ खाने-पीने से, एक दूसरे के कपड़े पहनने या बर्तनों के इस्तेमाल से, शौचालय अथवा स्नानघर से, या फोन के इस्तेमाल से।
- थूक, पसीना या आंसुओं के संपर्क से।
- किसी भी प्रकार के कीड़े-मकोड़ों, मच्छर, खटमल या पिस्सुओं के काटने से।
- चुम्बन से, आलिंगन से, हाथ मिलाने से या छूने से।
- एच.आई.वी./एड्स से प्रभावित व्यक्ति के साथ शारीरिक संबंध बनाए बिना।

निम्न तरीकों से फैल सकता है

निम्न तरीकों से नहीं फैलता



एच.आई.वी./एड्स क्या है?

एच.आई.वी./एड्स से बचने के लिए हम क्या कर सकते हैं?

एच.आई.वी./एड्स के बढ़ते प्रभाव को रोकने में हम सब महत्त्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं, जैसे -

- हम असुरक्षित यौन सम्बन्ध से बचें, कन्डोम का उपयोग अवश्य करें।
- अपनी सुरक्षा का ध्यान रखें, नई सुई/सिरिन्ज अथवा 20 मिनट उबलते हुए पानी में उबाली हुई सुई/सिरिन्ज का ही प्रयोग करें।
- किसी कारणवश शरीर में खून चढ़ाने की आवश्यकता हो तो हमेशा जाँच करा हुआ एच.आई.वी./एड्स के विषाणु से मुक्त खून का ही उपयोग करें।
- एच.आई.वी./एड्स से प्रभावित महिलाएँ गर्भाधान, प्रसव और स्तनपान के दौरान विशेष सावधानी रखें और डॉक्टर से सलाह मशवरा करें।
- हमारे संपर्क में आने वाले व्यक्तियों को मौका मिलने पर एच.आई.वी./एड्स के बारे में जानकारी दें।

भारत में एच.आई.वी./एड्स

एच.आई.वी./एड्स का प्रभाव समग्र मानव जाति, विशेष तौर से जन स्वास्थ्य की देखभाल करने वालों के समक्ष बहुत सी चुनौतियाँ प्रस्तुत करता है। भारत की अर्थव्यवस्था तथा सामाजिक व सांस्कृतिक पहलुओं पर इसका प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है।

नेशनल एड्स कन्ट्रोल ओर्गेनाइझेशनल (NACO) के अनुसार:

- 38.2 - 45.8 लाख भारतीय संक्रमित हैं।
- 14 साल से कम उम्र के 6.41 लाख बच्चे संक्रमित हैं।
- सन् 2002 में 6.1 लाख नये लोग है जो 2002 में संक्रमित हैं।
- वयस्को में व्यापकता - 0.8 प्रतिशत हैं।

संक्रमण के तरीके -

- 86.3 प्रतिशत - विविधतापूर्ण
- 2.82 प्रतिशत - माता-पिता से बच्चे को संक्रमण
- 2.41 प्रतिशत - खून एवं खून से सम्बन्धित
- 2.01 प्रतिशत - इंट्रावीनेस ड्रग्स का इस्तमाल
- 6.45 प्रतिशत - अज्ञात कारणों से



(<1%) Moderate Prevalence Rate

(>1%) High Prevalence Rate

समस्याएँ (मुद्दे)

पिछले कुछ वर्षों में यह पाया गया है कि भारत में एच.आई.वी./एड्स से प्रभावित अनाथ बच्चों की संख्या काफी बढ़ रही है। ऐसे कुछ कार्यक्रम हैं जो इन बच्चों की भौतिक सुविधाओं की जरुरतों को पूरा करने पर तो ध्यान दे रहे हैं, परंतु उन जरुरतों पर बहुत कम ध्यान दिया जा रहा है जो उनकी शिक्षा, मानसिकता और भावनात्मकता से सम्बन्धित हैं। बच्चों को लांछन, भेदभाव, निंदनीय बर्ताव और शोषण से बचाना ये सभी अत्यंत महत्वपूर्ण पहलू हैं और इनके लिए हमें मिलकर प्रयास करने होंगे।

ऐसे ही एक प्रयास के परिणाम स्वरुप इस प्रस्तुत गाइड को भारत में एच.आई.वी./एड्स से प्रभावित बच्चों के साथ काम करने वाली संस्थाओं एवं कार्यकर्ताओं के लिए हिन्दी में उपलब्ध कराया गया है।

समस्याओं की गहराई

वर्तमान में एच.आई.वी./एड्स से प्रभावित बच्चों की बढ़ती संख्या के कारण सामाजिक और पारिवारिक गरीबी को भी बढ़ावा मिल रहा है।

ऐसे बच्चे जिन्होंने माता या पिता अथवा दोनों को गँवा दिया हो उन्हें हम अनाथ बच्चे कह सकते हैं। "चिल्ड्रन ऑन द ब्रिन्क" के अनुसार सन् 2001 में एशिया में 6.5% बच्चे अनाथ थे। थाईलैण्ड और कम्बोडिया में एच.आई.वी./एड्स से अनाथ हुए बच्चों का औसत एशिया में सबसे ज्यादा है। सन् 2010 तक पूरे एशिया में एच.आई.वी./एड्स से अनाथ हुए बच्चों का प्रमाण 2.8% से 7.5% तक बढ़ने की संभावना है। भारत में एच.आई.वी./एड्स से अनाथ हुए बच्चों की संख्या लगभग 12 लाख के करीब है जिनकी संख्या अगले 10 वर्षों में लगभग 27 लाख के करीब पहुँचने की संभावना है। भारत में प्रति वर्ष एच.आई.वी./एड्स से प्रभावित करीब 30,000 से ज्यादा नये केस सामने आ रहे हैं।

इस परिस्थिति के होते हुए भी, प्रभावित बच्चों की देखभाल - सहयोग पर अब तक कम ही ज़ोर दिया जा रहा है।

एच.आई.वी./एड्स का बच्चों पर प्रभाव

एच.आई.वी./एड्स का प्रभाव बच्चों के जीवन, स्वास्थ्य, विकास, शिक्षा, मनोरंजन और निंदनीय बर्ताव/दुत्कार से रक्षा जैसे अधिकारों को अनदेखा कर देता है। शारीरिक और आर्थिक शोषण के विरुद्ध अधिकार को भी रक्षण नहीं मिल पाता।

एच.आई.वी./एड्स से प्रभावित बच्चे:

- कम आहार और कमज़ोर स्वास्थ्य पाते हैं।
- स्वास्थ्य-देखभाल सेवाओं तक उनकी पहुँच कम होती है।

मेरी कलम से...

भारत में बदलता हुआ पारिवारिक ढाँचा

भारत एक विशाल देश है जहाँ कई प्रकार की जाति, भाषा और धर्म के लोग रहते हैं। अलग-अलग जातियाँ - धर्म होने के बावजूद उनके सामुदायिक और पारिवारिक मूल्यों में काफी समानता है।

जब कोई छोटा बच्चा अपने माता-पिता को गँवा देता है तो ज्यादातर मामलों में उसके नज़दीकी रिश्तेदारों के साथ ही उसका गुजर-बसर होता है परंतु बढ़ती हुई गरीबी, बदलते हुए सामाजिक मूल्य और टूटती हुई संयुक्त परिवार प्रणाली के कारण अब ज्यादातर परिवार अपने रिश्तेदारों के अनाथ बच्चों की देखभाल करने में स्वयं को असमर्थ पाते हैं। इसके अतिरिक्त एच.आई.वी./एड्स के प्रति जागरुकता की कमी एवं प्रचलित गलत मान्यताओं के कारण भी इन बच्चों को अपने परिवारों में जगह नहीं दे पाते हैं।

समस्याएँ (मुद्दे)

- स्कूल में ठीक प्रकार से पढ़ नहीं पाते अथवा उनकी पढ़ाई छूट जाती है, खासकर लड़कियों की।
- उनकी औपचारिक शिक्षा/व्यवसायिक शिक्षा अधूरी रह जाती है और परिणाम स्वरुप उन्हें काम करने के अवसर नहीं मिलते।
- उन्हें छोटी उम्र में ही काम ढूँढना पड़ता है और अक्सर हानिकारक वातावरण में काम करना पड़ता है।

- पारिवारिक संपत्ति-जमीन से हाथ धोना पड़ सकता है।
- उन्हें लांछन, भेदभाव और सामाजिक बहिष्कार का सामना करना पड़ता है जिससे वे उपेक्षा और निम्न आत्मसम्मान से ग्रस्त हो जाते हैं।
- कभी-कभी अपना घर-बार, स्व की पहचान और अपने भाई-बहनों से संपर्क भी गँवा देते हैं।
- लगाव, देखभाल और ध्यान की कमी महसूस करते हैं और अपने बारे में निर्णय लेने में असमर्थ होते हैं।
- उनके पास एच.आई.वी./एड्स के बारे में सही जानकारी भी नहीं होती।
- उनके पास निराशा का सामना करने के लिए भावनात्मक सहयोग की कमी होती है।
- लंबे अर्से तक मानसिक उलझनों में फँसे रहते हैं।
- नशीली दवाइयाँ, शराब और गलत रास्तों को अपना लेते हैं।
- कई बार शारीरिक शोषण, यौन व्यापार के भी शिकार हो जाते हैं।

मेरी कलम से... मुझे भी पढ़ना है....

मेरी उम्र 15 साल है। हम चार भाई- बहन है। मैं पढ लिखकर एन्जीनियर बनना चाहता हूँ। मेरे पिता को एड्स हुआ है। उन्होंने हम बच्चों को छोड़कर दूसरी शादी कर ली है, मेरी मां बहुत समय से बीमार और कमज़ोर है। उसके पास अब आमदनी का कोई ज़रिया भी नहीं है और वह हमारे भविष्य के लिए चिंतित रहती है। कई बार बीमारी की वजह से वह हमारे लिए खाना भी नही ला पाती। मैंने पढ़ाई छोड़कर परिवार की मदद करने के लिए पैसे कमाने का फैसला किया है। मैं अब साफ-सफाई का काम करता हूँ और कभी कभी सब्जियाँ ला कर बाजार में बेचने भी जाता हूँ।

एशिया गाइड डेवलपमेन्ट ग्रुप के सदस्य

समस्याएँ (मुद्दे)

एच.आई.वी./एड्स के बच्चों पर पड़ने वाले प्रभाव का आधार निम्न बिन्दुओं पर हो सकता है।

- उनकी उम्र और लिंग।
- उन्होंने माता अथवा पिता को गँवाया है।
- उनकी देखभाल करने वालों की अथवा दादा-दादी की उम्र और नज़रिया।
- स्वास्थ्य, शिक्षा और सामाजिक सेवाओं तक उनकी पहुँच।
- बच्चों द्वारा अनुभव किया जाने वाला लांछन/भेदभाव।
- उनके नज़दीकी रिश्तेदार के घर में कुल सदस्यों की संख्या तथा उस परिवार की आमदनी/आर्थिक स्थिति।
- सरकारी सुरक्षा योजनाओं तक बच्चों की पहुँच जैसे समाज कल्याण (Social welfare) योजनाएँ।
- परिवार और समुदाय के कार्यों में बच्चों की सहभागिता।

एच.आई.वी. संक्रमण से बच्चों पर बढ़ता खतरा:

- एच.आई.वी./एड्स से प्रभावित बच्चों में कुपोषित होने की और अगर गंभीर स्थिति हो तो उनके मृत्यु की संभावना अधिक होती है।
- एच.आई.वी./एड्स से प्रभावित लड़के-लड़कियाँ जो अपने आप को अथवा अपने भाई बहनों को आर्थिक सहयोग दे रहे हैं उनके पास रोजगार के लिए सीमित अवसर होते हैं। साथ ही उन्हें पढ़ाई भी छोड़नी पड़ती है और पैसे कमाने के लिए कभी-कभी असुरक्षित यौन संबंधों में शामिल होना पड़ता है।

रिश्तेदार के घर में झांकतें उपेक्षित बच्चे



समस्याएँ (मुद्दे)

निर्दोषता की मृत्यु

हां! मुझे भारत के वेश्यागृह में बेचा गया था और अब मैं एच.आई.वी. से संक्रमित हूँ। क्या यह मेरा गुनाह है? अगर एक 9 साल की लड़की को नरक में रहने के लिए मजबूर किया जाए तो क्या यह उसकी गलती है? क्या यह मेरी इच्छा थी कि मैं अपने शरीर को बेचूं? मुझे मालूम है कि मैं अब जीवन के अंतिम मोड़ पर हूँ और जल्द ही मेरी मृत्यु होगी परंतु मैंने इसके खिलाफ लड़ने का फैसला किया है।

- बटुली, नेपाल (इस इन्टरव्यू के चार महिने बाद ही बटुली का देहांत हो गया था।)

- उन्हें अक्सर काम ढूँढने के लिये घर से बाहर जाना पड़ता है, जहाँ उनका यौन शोषण भी हो सकता है अथवा उन्हें जबरदस्ती यौन व्यापार में फँसाया जा सकता है।
- माता-पिता के प्रेम/स्नेह एवं मार्गदर्शन मे कमी को पूरा करने के लिये वे खुद भी कभी-कभी असुरक्षित यौन संबंध स्थापित कर लेते हैं।
- भारत के कई प्रांतों में बाल विवाह होते हैं। शिक्षा और जानकारी की कमी की वजह से किशोर-किशोरी यौन संक्रमण का शिकार बनते हैं।
- गरीबी, अवहेलना एवं दुर्व्यवहार के कारण कई बार बच्चे घर छोड़कर सड़कों पर रहने लगते हैं, जहाँ उनका बलात्कार और यौन शोषण होने का खतरा बना रहता है। इन बच्चों को वयस्कता से पहले ही यौन संबंध स्थापित करने के लिए मज़बूर किया जा सकता है।
- उन्हें नशीली दवाइयों/शराब की आदत लग सकती है, जिससे उनके द्वारा असुरक्षित यौन संबंध स्थापित करने की संभावना बढ़ जाती है।
- उन्हें सामाजिक बहिष्कार का सामना करना पड़ता है।
- जो बच्चे स्कूल नहीं जाते उन्हें पढ़ाई और व्यवसायिक हुनर प्राप्त नहीं होते और जीवन में उचित व्यवसाय के बजाय बिना कौशल (Unskilled) मजदूरी में जुड़ जाते हैं।
- यौन संक्रमित रोग (STD), एच.आई.वी./एड्स के बारे में जानकारी, उनसे बचाव, कन्डोम क्या है, कैसे इसे इस्तेमाल करें, स्वास्थ्य सेवाएँ कहाँ से मिल सकती हैं आदि बातों को वे नहीं जानते।
- ज्यादातर किशोर और किशोरियाँ यौन सम्बन्ध दौरान कन्डोम का उपयोग नहीं करते अथवा करा पाते।

सिद्धांत एवं रणनीतियाँ

हमें सबसे पहले एच.आई.वी./एड्स से प्रभावित बच्चों, परिवारों और समुदायों की समस्याओं को समझने की जरुरत है। उसके बाद हमें यह पता लगाना चाहिए कि उनके पास कौन-कौन से संसाधन उपलब्ध हैं और वे अब तक किस प्रकार अपनी समस्याओं से मुकाबला करते आये हैं। सारी समस्याओं को ध्यान में रखते हुए कार्यनीति बनाते समय यहाँ दिये गये सिद्धांतों को ध्यान में रखें।

सिद्धांत - 1

बाल अधिकारों की रक्षा करनी चाहिए।

संयुक्त राष्ट्र संघ की महा सभा की घोषणा के अनुसार (UN Convention on Rights of the Child) यह तय किया था कि बच्चों के अधिकारों को प्रोत्साहित किया जाना चाहिए और उनकी रक्षा भी की जानी चाहिए।

चार मुख्य अधिकार

संयुक्त राष्ट्रसंघ की सामान्य सभा के बच्चों के लिए विशिष्ट सत्र (UNGASS) में बच्चों के प्रति प्रतिबद्धता :

एच.आई.वी./एड्स से प्रभावित/बिना माता-पिता के बच्चों की देखभाल और रक्षण के प्रति सरकार की भूमिका:

- सन् 2003 तक एच.आई.वी./एड्स से प्रभावित/बिना माता-पिता के बच्चे, लड़के और लड़कियों को सहयोग और अनुकूल वातावरण देने के लिए सरकारी, पारिवारिक और समुदाय की क्षमताएँ बढ़ाने के लिए नीतियाँ और रणनीतियाँ बनाना।
- 2005 तक उन्हें क्रियान्वित करना। जिसमें कुछ जरुरी मुद्दें शामिल हो जैसे - अनुकूल परामर्श, मानसिक सहयोग, स्कूल में नामांकन, अच्छे आवास, अच्छा पोषण, स्वास्थ्य और सामाजिक सेवाओं की उपलब्धि आदि। अन्य बच्चों की तरह इन बच्चों को भी सुविधाएँ उपलब्ध होनी चाहिये।



- इस घोषणा में बच्चों को हर प्रकार के निंदनीय बर्ताव, हिंसा, शोषण, भेदभाव, लांछन, देह व्यापार या लेनदेन से बचाना और उन्हें पैतृक संपत्ति से वंचित न रहना पड़े इसका ध्यान रखना (आर्टीकल-65) भी शामिल है।
- एच.आई.वी./एड्स से प्रभावित बच्चों को सारे मानवीय अधिकार बिना भेदभाव के मिलने चाहिए। इसके लिए सरल नीतियाँ एवं कार्यक्रमों को प्रोत्साहित और क्रियान्वित करके उन्हें लांछन रहित बनाने की दिशा में प्रयास करना।

सिद्धांत एवं रणनीतियाँ

आओ कानून सीखें...

(भारत में बच्चों के उत्तराधिकारों को सुरक्षित करने में लॉयर्स कलेक्टिव (Lawyer's Collective) परामर्श की सेवा उपलब्ध कराता है।)

अशोक ने अपने भाई की मृत्यु के बाद भतीजियों व भतीजों की देखभाल की जिम्मेदारी ली। वह उनके उत्तराधिकार को लेकर बहुत चिंतित था क्योंकि उसे डर था कि अन्य रिश्तेदार उन बच्चों का हक छीन लेंगे। लॉयर्स कलेक्टिव ने इस मामलें में उन बच्चों की गार्डीयनशिप के लिए अर्जी देने में एवं कोर्ट में याचिका दायर करने में उनकी मदद की जिससे अन्य रिश्तेदार सम्पत्ति को बेच न पाएँ।

अन्य एक केस में वकीलों तथा सामाजिक कार्यकर्ताओं ने अनाथ बच्चों को उनका पारिवारिक घर उनके नाम से करवाने में मदद की।

एशिया गाइड डेवलपमेन्ट ग्रुप के सदस्य

कार्य के लिये रणनीतियाँ

- सरकार एच.आई.वी./एड्स से प्रभावित बच्चों की रक्षा करें और उन्हें जरुरी सेवाएँ उपलब्ध करवाए। इसके लिए पैरवी करें।
- बच्चों को शोषण और निंदनीय बर्ताव से बचाने के लिए सरकारी कानून और रणनीतियों के लिए पैरवी करें।
- समुदाय में बच्चों के अधिकारों के बारे में जागरुकता बढ़ाएँ और समुदाय को इनकी रक्षा करने के लिए प्रतिबद्ध करें।
- लिंग-भेद के बारे में जागरुकता बढ़ाएँ, खासकर महिलाओं और लड़कियों के अधिकारों पर ध्यान दें।
- लांछन और भेदभाव दूर करने के लिए समाज, स्कूल, स्वास्थ्य सेवाएँ और अन्य संस्थाओं के साथ काम करें।
- एच.आई.वी./एड्स से प्रभावित बच्चों पर ध्यान देने के साथ-साथ उन सभी बच्चों की सहायता करें जो कठिन परिस्थितियों में रह रहे हैं।



आपकी भतीजी अगर आपके साथ रहेगी तो खुश रह पायेगी।

सिद्धांत एवं रणनीतियाँ

सिद्धांत - 2

परिवारों की क्षमता बढ़ानी चाहिए।

एच.आई.वी./एड्स के संक्रमण से कठिन परिस्थितियों का सामना कर रहे परिवारों के लिए उनका अपना परिवार और नज़दीकी रिश्तेदारों का परिवार ही उनकी प्राथमिक सुरक्षा कवच होता है। जो बच्चे अपने माता-पिता को गँवा देते हैं, वे अक्सर अपने नज़दीकी रिश्तेदार के परिवार के साथ रहते हैं, जैसे दादा-दादी और चाचा-चाची। ऐसी देखभाल और अपनेपन वाले वातावरण में ही बच्चे अच्छा विकास और देखभाल पा सकते हैं। कार्यक्रमों द्वारा ऐसे प्रयासों को मान्यता एवं बढ़ावा देना चाहिए जिससे कि ज्यादातर एच.आई.वी./एड्स प्रभावित बच्चे अपने परिवारों के साथ ही रह सकें।

कार्य के लिये रणनीतियाँ

- परिवारों को सहयोग/मार्गदर्शन दें।
- समस्याओं के हल ढूँढने के लिये बनाए जाने वाले समूहों में प्रभावित परिवारों के सदस्यों जैसे माता-पिता, दादा-दादी आदि को शामिल करें।
- परिवारों को संपूर्ण सहयोग दें, खासकर उनकी आर्थिक समस्याओं को सुलझाने एवं बच्चों को मानसिक और भावनात्मक सहयोग देने की क्षमता को बढ़ाएँ।
- परिवारों को आत्मनिर्भर बनाएँ ताकि वे दूसरों पर निर्भर न रहें और कार्यक्रमों में अपना योगदान दे सकें।
- परिवार को स्व-सहायता समूह बनाने और उसमें जुड़ने के लिये प्रोत्साहित करें और उन्हें सहयोग दें।

कार्यक्रम तय करते समय हम यह अवश्य ध्यान रखें कि ज्यादातर बच्चों की जरुरतें एक जैसी होती हैं परंतु यह उनकी उम्र/जाति के अनुसार बदल भी सकती हैं।

सिद्धांत एवं रणनीतियाँ

सिद्धांत - 3

समुदाय की सहभागिता को प्रोत्साहन मीलना चाहिए।

एच.आई.वी./एड्स से प्रभावित बच्चों और परिवारों के लिए समुदाय सबसे महत्त्वपूर्ण संसाधन है। ऐसे कार्यक्रम बनाएँ जो समुदाय को गतिशीलता दें और उनको सशक्त बनाएँ। इससे समुदाय प्रभावित बच्चों की जिम्मेदारी लेने में सक्षम होगा और उन परिवारों को सहयोग दे सकेगा जो प्रभावित बच्चों की देखभाल करते हैं।

कार्य के लिये रणनीतियाँ

- समुदाय के संपूर्ण विकास को बढ़ावा दें (न कि सिर्फ एच.आई.वी./एड्स पर ध्यान केन्द्रित करें) और समुदाय के प्रयासों को उपलब्ध सेवाओं में शामिल करें।
- समुदाय के साथ मिलकर प्रभावित बच्चों और परिवारों की पहचान करें, उनकी जरुरतों को समझें और सहायता के लिए सही तरीके अपनाएँ।
- प्रभावित बच्चों और परिवारों के लिए सहयोगपूर्ण वातावरण बनाने के लिए समुदाय को प्रोत्साहित करें।



- एच.आई.वी./एड्स प्रभावित बच्चों की देखभाल करने के लिए समुदाय को प्रोत्साहित करें एवं सक्षम बनाएँ।
- समुदाय में उपलब्ध क्षमताएँ और संसाधनों के उपयोग को प्राथमिकता दें और उन्हें मजबूत बनाएँ। साथ ही यह भी सुनिश्चित करें कि समुदाय द्वारा शुरु एवं प्रोत्साहित की गई गतिविधियों को नज़रअंदाज न किया जाएँ।
- समुदाय के मूल्य और पारम्पारिक मूल्यों के अनुसार अपना रवैया/नीतियाँ तैयार करें व उनका आदर करें।
- बच्चों और परिवारों की विभिन्न जरुरतों को पूरा करने के लिये विविध क्षेत्रों के संगठनों को बढ़ावा दें जिसमें हर स्तर पर समन्वय हो।

सिद्धांत एवं रणनीतियाँ

सिद्धांत - 4

स्व-सहायता के लिये बच्चों की क्षमता बढ़ानी चाहिए।

ऐसे कार्यक्रम बनाएँ जिसमें बच्चे अपनी जरुरतों को बता सकें एवं उन्हें पूरा करने के लिए सक्षम बन सकें। बच्चों को अवसर दिये जाएँ ताकि वे अपने ज्ञान और कौशल को बढ़ा कर अपनी जिंदगी के बारे में निर्णय ले सके।

कार्य के लिये रणनीतियाँ

- तय करें कि बच्चे अपने अधिकारों के बारे में जानें।
- समस्या को पहचान कर उनके हल ढूँढने में, आयोजन में, योजना तैयार करने में और उस पर अमल करने में बच्चों की सक्रिय सहभागिता सुनिश्चित करें।
- यह सुनिश्चित करें कि शिक्षा, परामर्श (Counselling) और दूसरे सभी सहयोगपूर्ण कार्य में मित्र मंडली सहभागी हो।
- बच्चों की शिक्षा और व्यावसायिक प्रशिक्षण की जरुरतों को पूरा करें।
- बच्चों की मानसिक/भावनात्मक देखभाल की जरुरतों को पूरा करें और उन्हें व्यावहारिक और आर्थिक सहयोग भी दें।
- बच्चों के भविष्य के बारे में आयोजन करते समय उन्हें जरुर शामिल करें, उनसे सलाह मशवरा करें।
- एच.आई.वी./एड्स से प्रभावित बच्चों को जीवनोपयोगी जानकारी तथा शिक्षा दे एवं आवश्यक सेवाओं तक उनकी पहुँच बढ़ाएँ।

मेरी कलम से... परामर्श का चमत्कार

शुरु में जब हमें मालूम पड़ा कि हम एच.आई.वी./एड्स से संक्रमित हैं तो मैं और मेरी पत्नी आघात और दुख से टूट पड़ें। बाद में हमने तय किया कि हम इस परिस्थिति का सामना करेंगे। जब मैं वापस नौकरी पर गया तो मुझे पता चला कि मुझे नौकरी से निकाल दिया गया है। एच.आई.वी./एड्स से प्रभावित लोगों के साथ जुड़े हुए भेदभाव/लांछन का मुझे भी अनुभव हुआ।

मैने एक स्वयंसेवी संस्था के कार्यकर्ता की मदद से मेरी संस्था के लगभग 800 लोगों के लिये परामर्श सत्र आयोजित करवाये। काफी समय बाद एच.आई.वी./एड्स के बारे में लोग जानने लगे तो मुझे वापस नौकरी पर स्वीकार कर लिया गया।

- रवी. मैम्बर ऑफ मिलान, बेंगलूर

कार्यक्रमों के क्रियान्वयन से मिली सीख:

- समुदाय का स्वामित्व (Ownership) महत्त्वपूर्ण होता है और इसमें सारे सेवा प्रदाताओं को शामिल करना चाहिए।
- आवश्यकताओं और उपलब्ध संसाधनों के आधार पर ही कार्यक्रम बनाएँ। वही रणनीति अपनाएँ जो उपलब्ध प्रणाली और मूल्यों पर आधारित हो जैसे गृह मुलाकात करना।
- उपलब्ध सेवाओं से ही शुरुआत करें, जैसे धार्मिक संस्थाओं से सहयोग और जुड़ाव रखें।
- समुदाय से उपयुक्त स्वैच्छिक कार्यकर्ता ही चुनें जो विश्वसनीय हों और ज्यादा वेतन की आशा न रखते हों।
- जो सहायता हम नहीं दे सकते उसके बारे में समुदाय की अपेक्षाएँ न बढ़ाएँ।
- शहरी क्षेत्रों में समुदाय की सहभागिता पाना ज्यादा कठिन कार्य होता है।
- कार्यक्रमों का क्रियान्वयन करते समय यह ध्यान रखें कि हमें समुदाय का पूर्ण जुड़ाव मिले। उदाहरण के लिए कृषि कार्य से सम्बन्धित महत्त्वपूर्ण महीनों में गतिविधि का आयोजन न करें।
- समुदाय के प्रचलित व्यवहारों/मान्यताओं को बदलते समय संतुलित रवैया अपनाएँ जैसे यौन शिक्षा तथा बच्चे की सहभागिता।

कुछ और रणनीतियाँ

यह विभाग ऐसी अन्य रणनीतियों की चर्चा करता है जो सरलता से अपनाई जा सकती हैं।

1. बच्चों और परिवारों के लिए अनुकूल वातावरण बनाना।

अनुकूल वातावरण बनाते समय हमें बच्चों के मूलभूत अधिकारों को ध्यान में रखना चाहिए। पहले यह सुनिश्चित करें कि सारे बच्चों के साथ एक जैसा व्यवहार हो, उनके परिवार, समुदाय और पारिवारिक मूल्यों के महत्त्व को पहचाना जाए। बच्चों के जीने के, सुरक्षा, विकास/शिक्षा और सहभागिता के अधिकारों को ध्यान में रख कर ही निर्णय लिये जाएँ। इन्हीं को आधार मान कर नीतियाँ बनाई जानी चाहिएँ, उनकी पैरवी होनी चाहिए और उनका अवलोकन भी होना चाहिए।

बच्चों के अधिकारों की रक्षा करने का अर्थ है अधिकारों को समझने में और क्रियान्वित करने में समुदाय को शामिल करना। यह भी जरुरी है कि बच्चों की देखभाल करने वाले सदस्य एवं बच्चे स्वयं अपने अधिकारों से परिचित हों और उन्हें क्रियान्वित कर सकें।

एच.आई.वी./एड्स से प्रभावित बच्चों के प्रति लांछन/भेदभाव को मिटाने एवं अनुकूल वातावरण बनाने के लिए जानकारी और जागरुकता बढ़ाना, बाल अधिकार सम्बन्धित कायदे कानून बनाना, नीति निर्धारकों में इन अधिकारों के प्रति उनकी प्रतिबद्धता सुनिश्चित करना आवश्यक है।

इन जरुरतों को पूरा करने के लिए सरकारी और राजकीय इच्छा भी जरुरी है जैसे प्राथमिक शिक्षा, पोषण, स्वास्थ्य सेवाएँ, पानी-पर्यावरण स्वच्छता आदि के लिये सरकारी प्रतिबद्धता और वित्तीय सहायता का समय पर उपलब्ध होना। परिवार और समुदाय हमेशा बिना माता-पिता के और एच.आई.वी./एड्स से प्रभावित बच्चों की मदद करे यह संभव नहीं है, अतः इसके लिए कुछ कायदे कानून और नीतियाँ होनी चाहिएँ जिससे ऐसे बच्चों को रक्षण मिल सके।



नर्स, इनको अच्छे से अच्छी देखभाल मिलनी चाहिये।

मेरी कलम से... मुझे भी जीने का अधिकार है...

मेरा नाम लुन है, मैं मणीपुर से हूँ पर अब दिल्ली में रहता हूँ। 1997 में मुझे मेरे एच.आई.वी. संक्रमण का पता चला। जब मैं पूना के अस्पताल में था तब वहां लांछन/भेदभाव युक्त वातावरण/व्यवहार मैंने महसूस किया। नर्स मेरे बिस्तर के पास नहीं आती थी दूर से ही दवाई फेंक देती थी। डॉक्टर भी जितनी जल्दी हो सके मेरे पास से हट जाने के लिये उत्सुक रहते थे।

दिल्ली के अस्पताल में भी हमेशा दवाइयाँ उपलब्ध नहीं होती थी। सरकार द्वारा हाल ही में किये गये आयोजन से मुझे मुफ्त दवाइयाँ मिलने की आशा है।

एशिया गाइड डेवलपमेन्ट ग्रुप के सदस्य

कुछ और रणनीतियाँ

उदाहरण स्वरुप :

- बच्चों को शोषण एवं हानिकारक मज़दूरी से सुरक्षा मिले।
- महिलाओं और बच्चों के आनुवंशिक अधिकारों की रक्षा होनी चाहिए।
- बच्चों को शारीरिक, मानसिक और यौन शोषण से सुरक्षा मिलनी चाहिए।
- शिक्षा और स्वास्थ्य सेवा प्राप्त करने में उन्हें भेदभाव का सामना न करना पड़े।

- जहाँ तक संभव हो संस्थाओं में रहने वाले बच्चों को परिवारों/समुदायों में शामिल किया जाए जिससे उनका किसी भी तरह से शोषण न हो सके।

इस तरह सरकार द्वारा ऐसे कार्यक्रम बनाएँ जाने चाहिए जो शोषित और समाज द्वारा तिरस्कृत बच्चों को संरक्षण दे सके।

2. लड़के-लड़कियाँ दोनों के प्रति संवेदनशील बनें।

ऐसे कार्यक्रम/कायदे कानून बनाए जाने चाहिए जिनसे एच.आई.वी./एड्स से प्रभावित लड़के-लड़कियों और युवा वर्ग के शोषण और तिरस्कार को मिटाया जा सके। उनकी शिक्षा और दूसरी सेवाओं तक पहुँच भी बढ़ाएँ। इस तरह के कार्यक्रमों से युवा एवं लड़के-लड़कियाँ सक्षम बन सकते हैं, अपना आत्मविश्वास बढ़ा सकते हैं, निर्णय लेने में सहभागी बन सकते हैं, अपनी जानकारी हुनर/कौशल को बढ़ा सकते हैं और समुदाय द्वारा उपलब्ध कराई जा रही सेवाओं का लाभ उठा सकते हैं।

कुछ और रणनीतियाँ

मेरी कलम से...

समन्वय और सहभागिता बनाएँ रखने में सरकार, स्वयंसेवी संस्थाएँ, समुदाय, स्कूल, धार्मिक संस्थाओं की भूमिका अहम है।

3. समन्वय और सहभागिता

कई समुदाय और संस्थाएँ एच.आई.वी./एड्स की रोकथाम के लिए कार्य कर रही हैं। ऐसे कार्यक्रम प्रभावित बच्चों/परिवारों के लिए बहुत उपयोगी सिद्ध हो सकते हैं। जैसे बिना माता-पिता के बच्चे और प्रभावित बच्चों के कार्यक्रमों को घरेलू/देखभाल कार्यक्रमों के साथ शामिल करना।

ऐसे कार्यक्रम बनाने चाहिए जो कि एच.आई.वी./एड्स से प्रभावित बच्चे और परिवारों की स्वास्थ्य, पोषण, मानसिक/भावनात्मक, शिक्षा और आर्थिक जरुरतों को समुचित (Holistic) रुप से पूरा करें। अधिकांश संस्थाएँ इनमें से कुछ ही सेवाएँ उपलब्ध करा पाती हैं। बच्चों की जरुरतें इतनी ज्यादा हैं कि इन्हें एक या दो-चार संस्थाओं द्वारा नहीं परंतु आपसी साझेदारी और नेटवर्क से ही पूरा किया जा सकता है।

कार्यक्रमों में विविध क्षेत्रों को जोड़ते हुए सबकी सहभागिता और नेटवर्क से रेफरल सेवाओं को जोड़ा जा सकता है। इसमें सरकारी सेवाएँ, स्वयंसेवी संस्थाएँ, समुदाय आधारित संस्थाएँ और समुदाय खुद हिस्सा ले सकते हैं। स्कूल की भूमिका पर ज़ोर दे कर उसे खासतौर से उभारा जा सकता है। साझेदारी ऐसी होनी चाहिए जहाँ लचीलापन हो, अच्छा तालमेल हो, लोकतांत्रिक प्रक्रिया हो और जहाँ प्रयासों को दोहराया न जाये।

मेरी कलम से...

क्या मैं यहाँ पढ़ सकती हूँ?

दिल्ली स्थित एक स्वयंसेवी संस्था चेल्सिया ने कुछ एच.आई.वी. संक्रमित बच्चों को स्कूल में दाखिला दिलाया हैं। स्कूल के प्राचार्य को बच्चों की स्थिति के बारे में मालूम है। अगर इन बच्चों को किसी भी स्वास्थ्य सहायता की जरुरत पड़ती है तो वे चेल्सिया संस्था को फोन कर देते हैं और डॉक्टर को बुला लेते हैं। इन बच्चों के लिए स्कूल की फीस भी कम रखी गई है।

एशिया गाइड डेवलपमेन्ट ग्रुप के सदस्य





आओं... हम सब साथ मिलकर बच्चों के साथ काम करें।

जहाँ तक संभव हो सके प्रभावित बच्चों के कार्यक्रमों को उपलब्ध सेवाओं से जोड़ा जाना चाहिए, जैसे समाज कल्याण, कृषि कार्य, शिक्षा, स्वयंसेवी संस्थाएँ, धार्मिक संस्थाएँ, व्यापारिक संस्थाएँ और सामुदायिक स्वास्थ्य सेवाएँ।

कुछ और रणनीतियाँ

4. बच्चों और परिवारों पर एच.आई.वी./एड्स के प्रभाव की निगरानी करें।

एच.आई.वी./एड्स का समुदाय पर पड़ने वाला प्रभाव बदलता रहता है। नीतियाँ और कार्यक्रम बनाने के लिये इस प्रभाव का समय-समय पर अवलोकन जरुरी है। साथ ही यह भी जरुरी है कि कार्यक्रम अपने योगदान की निगरानी एवं मूल्यांकन करें, जिससे ज्यादा असरकारक तरीके ढूँढ़े जा सके और कम खर्चीली गतिविधियों के माध्यम से ज्यादा फायदा पाया जा सके। इस तरह के मूल्यांकन करते समय गुणवत्ता (Qualitative) और संख्या (Quantitative) दोनों पहलुओं को ध्यान में रखना चाहिए।

कार्यक्रमों द्वारा बच्चों की अधिक से अधिक जरुरतें पूरी हो सकें इसके लिये अनुसंधान (Research) भी जरुरी है। उदाहरण के तौर पर बिना माता-पिता के और एच.आई.वी./एड्स प्रभावित बच्चों के बदलते स्थल और इनका बहिष्कार होने से उन पर पड़े प्रभावों पर अनुसंधान।

5. एच.आई.वी./एड्स संक्रमण की रोकथाम।

- बच्चों व किशोर/किशोरियों के लिये स्वास्थ्य सेवाएँ उपलब्ध कराने वाले स्वास्थ्य केन्द्र और स्कूल के बीच आपसी समन्वय को बढ़ावा दें।
- ज्ञान और जागरुकता बढ़ाने के नये तरीके ढूँढे, आत्मविश्वास, संप्रेषण और निर्णय शक्ति बढ़ाने के प्रयास करें। (जीवनोपयोगी शिक्षा)
- स्कूल के स्तर पर एच.आई.वी./एड्स की रोकथाम के लिए जीवनोपयोगी शिक्षा और यौन शिक्षा के लिये युवा समूहों को प्रशिक्षित करें और स्कूल के पाठ्यक्रम में इसे शामिल करें। स्कूली लड़के-लड़कियों को यौन शोषण से बचाने के लिये शिक्षकों का चयन सावधानी पूर्वक करें।
- युवा वर्ग में यौन संक्रमण रोकने के लिये एवं परिवार नियोजन के लिए उचित मैत्रिपूर्ण (Youth friendly) सेवाएँ उपलब्ध करवाएँ। इसके लिये जरुरी है कि जागरुक और प्रशिक्षित स्वास्थ्य/सामुदायिक कार्यकर्ता हों। सेवाओं के लिये निश्चित समय में लचीलापन रखा जाये और बच्चों व किशोर/किशोरियों के लिये कुछ विशेष सत्रों का आयोजन किया जाये। यदि संभव हो तो युवा मित्रों (Peer educator) को नियुक्त करें और प्रशिक्षित करें जिससे वे स्वास्थ्य कार्यकर्ता एवं जरुरतमंद व्यक्ति के बीच सेतु/पुल का कार्य कर सकें।
